**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, DAMMAM**
**MIDDLE SECTION**
**MIDTERM - WORKSHEET – 2025-26**

**CLASS: 7th** **SUBJECT: Hindi**

---

**PORTION**

पाठ -1 माँ ,कह एक कहानी , पाठ-2 तीन बुद्धिमान, पाठ -3 फूल और काँटा , पाठ - 4 पानी रे पानी

**व्याकरण :** वचन, विलोम शब्द , कारक, समश्रुत-भिन्नार्थक शब्द, शब्द और वाक्य शुद्धिकरण, अनुच्छेद लेखन (जब मैं पहली बार विमान में बैठी /बैठा ), पत्र लेखन -(औपचारिक पत्र ) पठित ,अपठित गद्यांश , पठित पद्यांश , निर्देशानुसार

---

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया । उसके लिए कोई भी काम करना असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रहकर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है। समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता।

1. विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

(क) समय की दुहाई देना (ख) समय की कीमत समझना

(ग) समय पर काम करना (घ) दृढ़ विश्वास बनाए रखना

2. कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छुपाते हैं

(क) अपनी अकर्मण्यता और आलस्य (ख) अपना निठल्लापन

(ग) अपनी विभिन्न कमियां (घ) अपना बातूनीपन

3. दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या हैं

(क) समय का पालन (ख) समय का प्रयोग

(ग) समय की कीमत (घ) समय का सदुपयोग

4. कार्य किस स्थिति में फलप्रद नहीं होता

(क) समय न आने पर (ख) समय कम होने पर

(ग) समय बीत जाने पर (घ) समय अधिक होने पर

5. प्रत्येक विद्यार्थी को दृढ़ता से किसका पालन करना चाहिए ?

(क) सहायता करने का (ख) समय-सारणी का

(ग) सोने का (घ) जागने का

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

राजा ने उसी समय अपने मंत्री को बुलाया और उसके कान में कुछ फुसफुसाया। मंत्री तुरंत महल के बाहर चला गया। लेकिन शीघ्र ही वह दो सेवकों के साथ लौटा जो एक बहुत बड़ी-सी पेटी लाए थे। दोनों ने पेटी को बहुत सावधानी से द्वार के पास ऐसे रख दिया कि वह राजा को दिखाई दे सके और स्वयं एक ओर हट गए। तीनों भाई दूर से खड़े उन्हें देखते रहे। उन्होंने इस बात ध्यान से देखा कि पेटी कहाँ से और कैसे लाई गई थी और किस ढंग से रखी गई थी। "हाँ, तो चोरों, हमें बताओ कि उस पेटी में क्या है?" राजा ने कहा। "महाराज, हम तो पहले ही यह विनती कर चुके हैं कि हम चोर नहीं हैं', सबसे बड़े भाई ने कहा। "पर यदि आप चाहते हैं तो मैं आपको यह बता सकता हूँ कि उसमें कोई छोटी-सी गोल वस्तु है।" "उसमें अनार है", मझला भाई बोला । "हाँ, और वह अभी कच्चा है", सबसे छोटे भाई ने कहा । यह सुनकर राजा ने पेटी को पास लाने और पेटी खोलने का आदेश दिया। पेटी खुल जाने पर उसने उसमें झाँका। जब उसे उसमें कच्चा अनार दिखाई दिया तो उसके आश्चर्य की कोई सीमा न रही।

प्रश्न 1. राजा ने सबसे पहले क्या किया?

(क) तीनों भाइयों को दंड दिया (ख) स्वयं पेटी लेकर आया

(ग) मंत्री को बुलाया और कान में कुछ कहा (घ) अनार मँगवाया

प्रश्न 2. राजा ने सच्चाई की परीक्षा के लिए क्या मँगवाया?

(क) किताब (ख) अनाज की बोरी

(ग) पेटी (घ) तराजू

प्रश्न 3. सबसे बड़े भाई ने पेटी में क्या होने का अनुमान लगाया?
(क) मिट्टी (ख) छोटी-सी गोल वस्तु
(ग) पानी (घ) फूल

प्रश्न 4. सबसे बड़े भाई ने कैसे अनुमान लगाया कि वस्तु हल्की है?
(क) वजन तौला (ख) उसने उठा कर देखा
(ग) उठाने के तरीके से (घ) अन्य ने बताया

प्रश्न 5. राजा ने भाइयों की परीक्षा क्यों ली?
(क) उन्हें सजा देने के लिए (ख) उनकी बुद्धि की जाँच के लिए
(ग) उन्हें डराने के लिए (घ) उन्हें नौकरी देने के लिए

**प्रश्न 3. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

"तू है हठी मानधन मेरे,
सुन, उपवन में बड़े सबेरे,
तात भ्रमण करते थे तेरे,
जहाँ, सुरभि मनमानी।"
"जहाँ सुरभि मनमानी?
हाँ, माँ, यही कहानी।"

“वर्ण वर्ण के फूल खिले थे,
झलमल कर हिम-बिंदु झिले थे,
हलके झोंके हिले-मिले थे,
लहराता था पानी।"
"लहराता था पानी?
हाँ, हाँ, यही कहानी।"

प्रश्न 1. माँ पुत्र को 'हठी' क्यों कहती हैं?
(क) वह बाग में खेलना चाहता है (ख) वह एक नया खिलौना लेना चाहता है
(ग) वह पक्षी को पकड़ना चाहता है (घ) वह एक कहानी सुनना चाहता है

प्रश्न 2. उपवन में प्रातःकाल कौन भ्रमण कर रहा था ?
(क) राहुल की माँ (ख) राहुल के पिता (ग) राहुल और उसकी माँ (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 3. कविता में "सुरभि मनमानी" का क्या अर्थ है?
(क) एक सुंदर स्थान (ख) एक प्रकार का फूल
(ग) एक प्रकार की खुशबू (घ) एक प्रकार का व्यक्ति

प्रश्न 4. कविता में वर्णित प्राकृतिक दृश्य क्या हैं?
(क) फूल, झील और पहाड़ (ख) फूल, पानी और झोंके
(ग) नदी, झील और वन (घ) पहाड़, झील और वन

प्रश्न 5. प्रस्तुत कविता के रचयिता कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) भवानीप्रसाद मिश्र (ग) सुमित्रानंदन पंत (घ) सुभद्राकुमारी चौहान

प्रश्न **4. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**1.** " कहती है मुझसे ये चेटी, यहाँ " चेटी ''शब्द का अर्थ है। (चींटी / दासी)
**2. '** तात ' का अर्थ है । ( पिता / दादा )
**3.** '' वर्ण वर्ण के फूल खिले थे, वर्ण से अभिप्राय हैं। (रंग बिरंगे / वर्णमाला)
**4.** ' निर्भय ' शब्द का विलोम है । (वीर / कायर)
**5.** न्याय _________ का दानी है । ( दया / सजा )
**6.** घुड़सवार ने भाइयों पर _________ आरोप लगाया । (ऊँट चराने का / पैसे चुराने का )
**7.** कहानी "तीन बुद्धिमान " _________ प्रकार की कहानी हैं। (आत्मकथा / लोककथा )
**8.** कवि ने सहृदय ----------- कहा है । ( सिद्धार्थ /आखेटक को )
**9.** पेटी में _________ थे । (कच्चे अनार / सोने के सिक्के )
**10.** नया जन्म सा उसने पाया ? ( आखेटक / घायल हंस ने)
**11.** घायल पक्षी _________ की गोद में गिरा ( सिद्धार्थ /आखेटक )
**12.** तीनों भाई यात्रा के दौरान लगातार _________ चलें। (तीस / चालीस दिन )
**13.** राजा ने भाइयों की बुद्धिमानी की परीक्षा _________ ली। ( युद्ध पर भेजकर / पेटी के अंदर की वस्तु पहचानकर )
**14.** आँख का पर्यायवाची शब्द है । ( नेत्र / तम )
**15.** राजा ने _________ कान में फुसफुसाया । ( रानी के / मंत्री के )
**16.** _________ और बाढ़ एक ही सिक्के के दो पहलू है। ( अकाल / पानी )

17. हमारी यह धरती बड़ी _________ है । (गुल्लक / पेटी )
18. हमारा भूजल भंडार ______________________ समृद्ध होता है । (तालाब व झीलों से / नलों के सूख जाने से)
19. जल संकट से अभिप्राय हैं । ( जल की अत्यधिक कमी होना / खाने की कमी )
20. ज़मीन के नीचे छिपा जल भंडार _________ कहलाता है । (भूजल / खनिज लवण )
21. सूरज का पर्यायवाची शब्द है । ( सूर्य / मेघ )
22. भाप का अर्थ है । ( वाष्प / बर्फ़ )
23. फूल और काँटे _________ जन्म लेते हैं (एक ही पौधे पर / अलग - अलग पौधे पर )
24. तितलियों और भँवरों के पर _________ काट देता है । ( काँटा / फूल )
25. फूल और काँटे दोनों का भिन्न - भिन्न _________होता है । ( स्वभाव / आवास)
26. रात में चमकता है । ( चाँद / सूरज )
27. मोटर लगाने से _________ हक़ मारा जाता है । (आस -पड़ोस का/ टैंकर का )
28. तालाबों को समाप्त करके बनाया गया है । (मकान / नदियाँ )
29. वर्षा के मौसम में _________ समस्या होती है । ( बाढ़ / अकाल की )
30. जल चक्र का अंत होता है । (बादलों में / समुद्र में पानी मिलकर )

**प्रश्न 5. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए ।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. संचीत _________ | 2. विरान _________ | 3. बूद्धि _________ |
| 4. पेनी _________ | 5. पेटि _________ | 6. गल्लुक _________ |
| 7. प्रकर्ति _________ | 8. सटेडीयम _________ | 9. गांव _________ |
| 10. मुहल्ले _________ | 11. समरध _________ | 12. कायार्लय _________ |

प्रश्न **6. शब्दार्थ** **लिखिए ।**

| | | |
|---|---|---|
| 1.कह _________ | 2. कहानी _________ | 3.हिम-बिंदु _________ |
| 4. निरपराध _________ | 5. सदय _________ | 6. निर्धन _________ |
| 7. संचित करना _________ | 8. पैनी दृष्टि _________ | 9. तीव्र बुद्धि _________ |
| 10 अनुमान _________ | 11. मेह _________ | 12. अनूठा _________ |

13. बसन _________ 14. कुल _________ 15.बेवक्त _________ 16.हक _________
17. .विशाल _________ 18. समृद्ध _________ 19. थम जाना _________

प्रश्न 7. **निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।**

1. सावधान - ____________________________________________
2. आश्चर्यचकित होना- ____________________________________________
3. बुद्धि- ____________________________________________
4. जिज्ञासा- ____________________________________________
5. हठी - ____________________________________________
6. मेह - ____________________________________________
7. अनुठा - ____________________________________________
8. हक- ____________________________________________
9. बेवक्त- ____________________________________________
10. विशाल- ____________________________________________
11. बसन - ____________________________________________
12. कुल - ____________________________________________

प्रश्न **8. नीचे दिए गए वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन करें -**

**1.(क)** उसने अपना किताब खो दिया। **(ख)** उसने अपनी किताब खो दी।
**(ग)** उसने अपना किताब खो दी। **(घ)** उसने अपनी किताब खो दिया।

**2. (क**) मैंने पढ़ा हिंदी की किताब। **(ख)** हिंदी की किताब मैंने पढ़ा।
**(ग)** मैंने हिंदी की किताब पढ़ी। **(घ)** पढ़ा मैंने हिंदी की किताब।

**3. (क)** बच्चा पार्क में खेल रहे हैं। **(ख)** बच्चे पार्क में खेल रहा है।
**(ग)** बच्चे पार्क में खेल रहे हैं। **(घ)** बच्चों पार्क में खेल रहे हैं।

**4. (क)** मुझे आम का फल अच्छा लगता है। **(ख)** मुझे आम अच्छा लगता है ।
**(ग)** मुझे अच्छा लगता है आम का । **(घ)** मुझे अच्छे लगते हैं आम का ।

5. **(क)** राम ने आम खाया। **(ख)** राम को आम खाया।
**(ग)** राम से आम खाया। **(घ)** राम में आम खाया।

**6. (क)** उसने चाकू से फल काटा। **(ख)** उसने चाकू को फल काटा।
**(ग)** उसने चाकू फल काटा। **(घ)** उसने चाकू में फल काटा।

7. **(क)** माँ ने बेटे के मिठाई दी। **(ख)** माँ ने बेटे को मिठाई दी।
**(ग)** माँ ने बेटे मिठाई दी। **(घ)** माँ ने बेटे से मिठाई दी।

8. **(क)** किताब मेज पर रखी है। **(ख)** किताब मेज में रखी है।
**(ग)** किताब मेज को रखी है। **(घ)** किताब मेज से रखी है।

प्रश्न **9. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए ।**

**1** ‘ दवाई ’ शब्द का बहुवचन पहचानिए।
क. दवाइयाँ ख. दवाईयाँ ग. दवा घ. दवाइएँ

**2** ‘ कवि ’ शब्द का बहुवचन पहचानिए।
क. कवी ख. कविगण ग. कविजन घ. कवि

**3.** ‘ पतंग ’ शब्द का बहुवचन पहचानिए ।
क. पतंगें ख. पतंगों ग. पतंगे घ. पतंगौ

**4.** ‘ भाषा ‘ शब्द का बहुवचन पहचानिए ।
क. भाषाएँ ख. भाषाए ग. भाषायाँ घ .भाषाओं

**निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए ।**

पत्ता - __________ मिठाई - __________ ऋतु - __________ पक्षी - __________
कथा - __________ टोपी - __________ वस्तु - __________ नदी - __________
कक्षा - __________ बहन - __________ कपड़ा - __________ पंक्ति - __________
कौआ - __________ शिक्षक - __________ आँख - __________ प्रजा - __________

प्रश्न **10. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

**1.** कटु ' शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।

क. कठोर ख. कोमल ग. मधुर घ. खुश

2. ' खूबसूरत ' शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।

क. तीव्र ख. बदसूरत ग. बदसुरत घ. बधसूरत

**3. '** नूतन **'** शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।

क. पुरतन ख. पुरातन ग. पूरातन घ . पूरतन

**4. '** हिंसा **'** शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।

क. अहिंसा ख. आहिंसा ग. अहींसा घ. अहिसा

**निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

अनाथ - __________ उदास - __________ कायर - __________ अर्थ - __________

आदि - __________ पक्ष - __________ आकाश - __________ उचित - __________

आदर - __________ गहरा - __________ मंद - __________ नैतिक - __________

जीवन - __________ स्वाधीन - __________ देव - __________ निर्मल __________

प्रश्न11. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का समश्रुत-भिन्नार्थक शब्द चुनिए -**

**1.** कक्षा में **<u>छात्र</u>** है।

क. विद्‌यार्थी ख. छाता ग.छत्र घ. अध्यापिका

**2.** राम का **<u>गृह</u>** सुंदर है।

क. **ग्रह** ख. घर ग. नक्षत्र घ. स्कूल

3. बारिश के बाद सड़क की **<u>दशा</u>** बिगड़ गई।

क. हालत ख. दिशा ग. बुरी घ.गलत

**4. <u>मातृ</u>** प्रेम सबसे पवित्र होता है।

क. मात्र ख. केवल ग. भाषा घ. माता

प्रश्न **12.निम्नलिखित वाक्यों में दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

**1.** ---------- हमारे जीवन का मुख्य आधार है।
क. अन्य ख अन्न

2. मैं अपने माता-पिता को हर सुबह ------------ करता हूँ।
क. प्रणाम ख. प्रमाण

3. हमारे स्कूल में ------------ राष्ट्रों के छात्र भी पढ़ते हैं।
क.. अन्य ख. अन्न

**4.** उसने अपने ------------ की प्रतिष्ठा को और ऊँचा किया।
क. कूल ख. कुल

**5.** गुरू हमें सही ------------ दिखाते हैं।
क. दिशा ख. दशा

6. दिन का --------- सूर्योदय से होता है
क. आदी ख. आदि

7. राम मोहन की अपेक्षा अधिक बुद्धिमान है यहाँ 'अपेक्षा ' शब्द का अर्थ है
क. तुलना ख. निरादर

8. सूर्य पूर्व की ---------- से उगता है ।
क. ओर ख . और

प्रश्न 13. **नीचे दिए गए वाक्यों में कारक के भेद पहचानकर सही विकल्प चुने**

1.<u>हे मित्र !</u> तुम कैसे हो?
क. संबोधन कारक ख. अधिकरण कारक ग. कर्ता कारक घ. करण कारक

2.वृक्ष **<u>से</u>** पत्ता गिरता है।
क. अधिकरण कारक ख. करण कारक ग. कर्म कारक घ. अपादान कारक

3. पुस्तकालय **<u>में</u>** छात्र पढ़ रहे हैं।
क. अधिकरण कारक ख. करण कारक ग. कर्म कारक घ. अपादान कारक

4.गुरू **<u>ने</u>** शिष्या को शिक्षा दी।
क. कर्ता कारक ख. कर्म कारक ग. अधिकरण कारक घ. करण कारक

5. लोग साँपों **से** बहुत डरते है । कारक का नाम बताइए ।
   क. अधिकरण कारक ख. अपादान कारक ग. करण कारक घ. सम्प्रदान कारक
6.. गरीबों **को** वस्त्र दो । वाक्य में कारक है ।
क सम्प्रदान कारक ख. कर्म कारक ग. अधिकरण कारक घ. करण कारक
7. वृक्ष **पर** पक्षी बैठे है। वाक्य में कारक है ।
क कर्ता कारक ख. सम्प्रदान कारक ग. अधिकरण कारक घ. करण कारक
8. दादी बच्चों **को** बुला रही है ।
क कर्म कारक ख. सम्प्रदान कारक ग कर्ता कारक घ. अपादान कारक
9. वह छत **से** गिर गया ।
क अपादान कारक ख. सम्प्रदान कारक ग. अधिकरण कारक घ. करण कारक

प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।

1. सदा किसकी विजय होती है ?
2. '' हुई पक्ष की हानी ! '' प्रस्तुत पंक्ति का अर्थ बताइए ।
3. " धन - संपत्ति या सांसारिक वस्तुओं के लिए की दृष्टि से तो तुम धनवान नहीं हो लेकिन तुम्हारे पास बुद्धि का बहुत बड़ा कोष है " किससे किससे कहा ?
4. हमारा भूजल किससे समृद्ध होता है ?
5. धरती रूपी गुल्लक में पानी भरने का काम कौन - कौन करते हैं ?
6. भगवान के सिर पर कौन सजता है ?
7. जल की कमी क्यों बढ रही है ?
8. लेखक ने पानी को संरक्षित करने के लिए क्या उपाय बताया है ?
9. वर्षा के मौसम में कौनसी समस्या होती है
10. निराले रंग किसके है ?
11. कौन अपनी सुगंध से सबको आकर्षित करता है ?
12. फूल किसके बीच रहकर भी मुस्कराता है
13. भौंरे का तन किस रंग का होता है ?
14. " पेटी में कोई छोटी गोल वस्तु है " किसने कहा ?

15. “ उसमें अनार है ”, किसने कहा ?

16. हाँ , और वह अभी कच्चा है ”, किसने कहा ?

17. पृथ्वी पर जल के विभिन्न स्रोत कौन-कौन से हैं ?

18. कुल की बड़ाई कब व्यर्थ होती हैं ?

19. कौन-सा स्वभाव लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है ?

20. अच्छे गुण और अच्छे व्यवहार से व्यक्ति को क्या प्राप्त होता है ?

21 ‘जल संकट’ का क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 15. “ जब मैं विमान में पहली बैठा / बैठी’’ विषय पर अनुच्छेद लिखिए ।

प्रश्न 16. प्रधानाचार्य जी को चार दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए ।

Note : Learn Questions answers from notebook and read Text book thoroughly